हुक्म तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	हुक्म तामील नंबर व तारीख

राजस्व लोक अदालत केम्प वर्ष-2016

राजस्व विविध सं. 84/2012 भूराराम/स्व.तुलसाराम के का.मु.- खसा वगैरा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश-9, नियम-9 सी.पी.सी.

30.05.2016

पक्षकार उपस्थित।

यह पत्रावली राजस्व लोक अदालत केम्प अटल सेवा केन्द्र-बलाना में बरोज आज पेश हुई। लोक अदालत की भावना से हमने, पक्षकारों की दलील को सुना, साथ ही उक्त पत्रावली एवं संबंधित मूल वाद पत्रावली राजस्व वाद सं. 64/2012 जो कि दिनांक 07.08.2012 को वादी एवं उनके अधिवक्ता की अदम हाजरी व अदम में खारिज किया हुआ है, का अवलोकन व परीक्षण किया। फलस्वरूप प्रकरण की वाद-विषयक स्थिति पर विधिक विचारण करने के पश्चात् प्रार्थी का कथित प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर संबंधित मूल वाद पत्रावली को न्यायहित पुनः बरामद अर्थात रेस्टोर करके रेकर्ड पर लिया जाना उचित समझते है।

अतः उपरोक्त विवेचन तथ्यों के परिणामतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश-9, नियम-9 सी.पी.सी. स्वीकार किया जाकर उल्लेखित मूल वाद पत्रावली को न्यायहित पुनः बरामद अर्थात रेस्टोर करके रेकर्ड पर लिए जाने का आदेश पारित किया जाता है।

आदेश बरोज आज दिनांक 30.05.2016 को राजस्व लोक अदालत केम्प-बलाना में सुनाया गया। यह पत्रावली निर्णित व नंबर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
सुमेरपुर, जिला-पाली

Scanned by CamScanner